प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 28.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम जापान यात्रा के लिए रवाना होंगे– भारत–जापान शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

- दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में शामिल, प्रधानमंत्री जन धन योजना के आज 11 वर्ष पूरे।

- विधानसभा के मॉनसून सत्र से पहले आज स्पीकर वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक का आयोजन।

- प्रदेशभर में भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों से 792 लोगों को सकुशल रेस्क्यू किया गया है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम जापान यात्रा के लिए रवाना होंगे। वे भारत–जापान शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री की इस यात्रा को दोनों देशों के बीच साझेदारी के एक नये अध्याय की शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है। वर्तमान में भारत–जापान के बीच लगभग 22 अरब डॉलर का व्यापार होता है। इस यात्रा से सेमीकंडक्टर, रक्षा और सुरक्षा, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढाँचे के क्षेत्रों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

0000

प्रधानमंत्री जन धन योजना को आज 11 वर्ष पूरे हो गए हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से इस पहल की घोषणा की थी। 28 अगस्त को कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री ने इस अवसर को गरीबों की दुष्चक्र से मुक्ति का उत्सव बताया था। एक रिपोर्ट–

......

0000

राज्य सरकार ने प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक विकास को गति देने के लिए भूमि आवंटन के दो महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी है। कोटा जिले में गैर प्रदूषणकारी औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए कनवास तहसील के ढोटी गांव में कुल 22 दशमलव 78 हैक्टेयर भूमि के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। यह भूमि रीको को आवंटित की गई है। सांगोद विधानसभा क्षेत्र के ढोटी गांव में रीको का इंडस्ट्रियल एरिया घोषित होने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ऊर्जा मंत्री और सांगोद विधायक हीरालाल नागर ने इस पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्णय से क्षेत्र में औद्योगिक और आधारभूत संरचना का विकास होगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों में वृद्धि भी होगी।

......

मुख्यमंत्री ने कल ही जैसलमेर के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क के निर्माण के लिए कुल 101 दशमलव 97 हैक्टयर सरकारी भूमि के आवंटन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इस निर्णय से देश की सामरिक सुरक्षा में रणनीतिक लाभ मिलेगा और सीमावर्ति क्षेत्रों का अर्थिक विकास तेज होगा।

0000

जयपुर जिले के बगरू में कल रोजगार शिविर आयोजित किया जाएगा। रोजगार कार्यालय के अनुसार ये शिविर राजकीय महाविद्यालय में लगाया जाएगा। इसमें निजी क्षेत्र की करीब 50 कम्पनियां युवा आशार्थियों का मौके पर ही साक्षात्कार लेकर प्राथमिक चयन करेंगी। शिविर में पंजीयन के लिए क्यूआर कोड भी जारी किया गया है।

0000

जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा में ऑपरेशन रक्षक के दौरान झुंझुनूं निवासी और भारतीय सेना के जवान हवलदार इकबाल अली की मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस पर दुख व्यक्त करते हुए

ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

0000

राज्य विधानसभा के मानसून सत्र से पहले आज विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। श्री देवनानी इसकी अध्यक्षता करेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, प्रतिपक्ष के मुख्य सचेतक रफीक खान, बसपा के मनोज कुमार, भारत आदिवासी पार्टी के थावर चंद और रालोद के डॉ. सुभाष गर्ग को आमंत्रित किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव लिए जाएंगे। गौरतलब है कि एक सितम्बर से शुरू होने वाले मॉनसून सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश किये जाने की संभावना है।

00000

प्रदेशभर में आज ऋषि पंचमी पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जलाशयों के किनारे सप्त ऋषियों की पूजा अर्चना कर श्रावणी कर्म किया जाएगा। जयपुर के ब्रज निधि मंदिर से शोभायात्रा और कलश यात्रा निकाली जाएगी। गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा बड़ी चौपड़ होते हुए रामगंज के धाभाई का खुर्रा स्थित चतुर्भुज जी मंदिर पहुंचेगी। उधर धौलपुर के तीर्थराज मचकुंड धाम पर आज से दो दिवसीय देव छठ मेला शुरू हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कौमी एकता का प्रतीक यह मेला साम्प्रदायिक सद्भाव की अनूठी मिसाल है।

......

0000

गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में आज जयपुर की मोती डूंगरी से भगवान गणेश की शोभायात्रा निकाली जायेगी। यह शोभायात्रा मोती डूंगरी रोड, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार से गणगौरी बाजार होते हुए ब्रह्मपुरी से नाहरगढ़ स्थित गढ़ गणेश मंदिर तक पहुंचेगी। इस बार शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण 25 स्वचालित और 60 सजीव प्रतिमा स्वरूप झांकियां होंगी। इनमें गणेशजी को अलग–अलग मुद्राओं और रूपों में दर्शाया जाएगा। शोभायात्रा के दौरान यातायात में बदलाव किया गया है। इस दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये गये है।

0000

प्रदेशभर में भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों से 792 लोगों को सकुशल रेस्क्यू किया गया है। सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में एसडीआरफ की 57 और एनडीआरएफ की 7 टीमें लगातार बचाव और राहत कार्यों में लगी हुई हैं। साथ ही सिविल डिफेंस की टीमें भी सहयोग कर रही है। प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को एयरलिफ्ट करने के लिए वायु सेना का हेलिकॉप्टर भी लगाया गया है। प्रभावित लोगों को राहत शिविरों के माध्यम से आश्रय दिया जा रहा है और क्षतिग्रस्त मकानों तथा सार्वजनिक भवनों का सर्वे भी करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि मानसून के दौरान राज्य में अब तक 528 मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से करीब 54 प्रतिशत अधिक है। इस बीच प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर बारिश का दौर बना हुआ है। कल डूंगरपुर और भरतपुर में दोपहर बाद मूसलाधार बारिश हुई। विभाग ने आज जयपुर और अजमेर में येलो अलर्ट जारी किया है।

0000